भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1542**
दिनांक 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन का कार्यान्वयन**

**1542. श्री किशोरी लालः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) 28 जनवरी, 2025 तक उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत क्रियाशील नल-जल कनेक्शन प्रदान किए गए कुल ग्रामीण परिवारों की संख्या कितनी है;
(ख) जेजेएम के प्रारंभ से अब तक इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश को कुल कितनी धनराशि स्वीकृत और जारी की गई है; और
(ग) जेजेएम के अंतर्गत विशेष रूप से अमेठी जिले में क्रियाशील नल-जल कनेक्शन और पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) 28 जनवरी 2025 तक, उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत प्रदान किए गए कार्यशील पारिवारिक नल कनेक्शन (एफएचटीसी) वाले ग्रामीण परिवारों की कुल संख्या 23410589 (87.59% कवरेज) है

(ख) उत्तर प्रदेश राज्य को इसकी स्थापना से लेकर अब तक स्वीकृत और जारी की गई कुल निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| वित्त वर्ष | केन्द्रीय आवंटन (राशि करोड़ रुपये में) | केन्द्र द्वारा जारी निधि (राशि करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 1206.28 | 1513.14 |
| 2020-21 | 2570.94 | 1295.47 |
| 2021-22 | 10870.50 | 5435.25 |
| 2022-23 | 12662.05 | 9496.54 |
| 2023-24 | 20884.45 | 16947.00 |
| 2024-25 | 12621.95 | 6310.98 |

(ग) अमेठी जिले में कार्यशील पारिवारिक नल कनेक्शन (एफएचटीसी) की स्थिति -

- कुल कार्यशील पारिवारिक नल कनेक्शन (एफएचटीसी) - 315511 (94.83% कवरेज)